**विज्ञापन संख्या 03/2023 दिनांक 06.10.2023**

**हार्ड कॉपी आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 06.11.2023**

## वैज्ञानिक के पद हेतु भर्ती (बैकलॉग)
## एससी, एसटी और पीडब्ल्यूबीडी (एचएच/ओएच) उम्मीदवारों के लिए

***विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान कैरियर के लिए एक अनूठा अवसर***

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तत्वावधान में 1953 ई. में स्थापित इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में प्रमुख शोध संस्थान है। यह इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में बहु-विषयक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों और परियोजनाओं, नामतः (1) उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी समूह (एआईटीजी); (2) इंटीग्रेटेड सर्किट और सिस्टम ग्रुप (आईसीएसजी); (3) औद्योगिक स्वचालन समूह (आईएजी) ; (4) निर्वात इलेक्ट्रॉन उपकरण समूह (वीईडीजी) ; (5) उच्च-आवृत्ति उपकरण और सिस्टम समूह (एचएफडीएसजी) ; (6) हाई-पावर माइक्रोवेव सिस्टम ग्रुप (एचपीएमएसजी) ; (7) सेमीकंडक्टर सेंसर और माइक्रोसिस्टम्स ग्रुप (एसएसएमजी) ; (8) सेमीकंडक्टर प्रोसेस टेक्नोलॉजी ग्रुप (एसपीटीजी) ; (9) संस्थान का विकास एवं अनुसंधान सुविधा समूह (आईआरडीएफजी)। सीएसआईआर- सीरी के चेन्नई और जयपुर में भी विस्तार केंद्र हैं।

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वैज्ञानिकों के निम्नलिखित पदों की रिक्तियां भरने के लिए उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड और सिद्ध वैज्ञानिक उपलब्धियों के साथ ही अपेक्षित अनुभव और उच्च स्तर की प्रेरणा और इलेक्ट्रॉनिकी एवं संबद्ध अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अनुसंधान को कैरियर के रूप में अपनाने की इच्छा रखने वाले उत्साही युवा भारतीय शोधकर्ताओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन मैट्रिक्स (7 वाँ सीपीसी) | *कुल परिलब्धियाँ (प्रतिमाह) | अधिकतम ऊपरी आयु सीमा** (आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक | 07 पद<br>अ. जा. -01, अ. ज. जा. -03, बेंचमार्क दिव्यांगजन (श्र.दि. / अ.दि.)-03 | लेवल-11<br>( ₹ 67,700-2,08,700) | ₹ 98,394/- | 32 वर्ष ** |

*** कुल परिलब्धियों का तात्पर्य अनुमानित कुल परिलब्धियां है, जो दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम वेतनमान पर मकान किराया भत्ता (एचआरए) सहित देय होंगी। सीएसआईआर-सीरी उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार आवास उपलब्ध करवा सकती है, लेकिन ऐसी स्थिति में मकान किराया भत्ता (एचआरए) देय नहीं होगा।**

**** ऊपरी आयु सीमा में छूट हेतु बिंदु संख्या 3 देखें।**

**विज्ञापित पदों का विवरण**

| पद कोड/आरक्षण स्थिति | वेतन स्तर | पदों के नाम और संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता | नौकरी की आवश्यकताएं/विनिर्देश |
|---|---|---|---|---|---|
| पीसीएस - 1 (अनुसूचित जाति) | 11 | वैज्ञानिक<br>पद की संख्या: 01 | इंस्ट्रुमेंटेशन/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रॉनिक्स /पावर सिस्टम्स/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग /माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशंस/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन/एंबेडेड सिस्टम/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम/एंबेडेड कंट्रोल एंड सॉफ्टवेयर/ इंस्ट्रुमेंट प्रौद्योगिकी/ मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में एमई या एम.टेक या इलेक्ट्रॉनिक्स में समकक्ष डिग्री।<br><br>या<br><br>इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में पीएचडी प्रस्तुत किया हो। | सेंसर इंटरफेसिंग और एक्चुएटर्स नियंत्रण; विद्युत प्रणाली डिज़ाइन और उपकरणीकरण; रास्पबेरी पाई, पीआईसी, एआरएम और 8051 नियंत्रकों आदि पर आधारित एंबेडेड सिस्टम डिजाइन और विकास; एंबेडेड अनुप्रयोग विकास;<br><br>एआई अनुप्रयोगों आदि का हार्डवेयर कार्यान्वयन; पीएलसी, स्काडा और एचएमआई इंटरफ़ेस और नियंत्रण में कार्य अनुभव; | चयनित उम्मीदवारों को वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और जल, कृषि, पर्यावरण, चिकित्सा, भोजन और डेयरी आदि के लिए विकास में नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास और ट्रांसलेशनल रिसर्च करना होगा;<br>उच्च शक्ति माइक्रोवेव प्रणाली, डिजिटल टीएचजेड और एक्स-रे इमेजिंग सिस्टम; प्लाज्मा आधारित प्रणालियाँ और अर्धचालक निर्माण इकाई प्रक्रिया स्वचालन प्रणालियाँ और बुद्धिमान माप प्रणालियाँ में सिस्टम डिजाइन एवं विकास। उम्मीदवार से इलेक्ट्रॉनिक्स और संबद्ध इंजीनियरिंग में अनुसंधान एवं विकास करने की अपेक्षा की जाती है। |
| पीसीएस – 2 (अनुसूचित जनजाति) | 11 | वैज्ञानिक<br>पदों की संख्या: 03 | | | |
| पीसीएस - 3 (बेंचमार्क दिव्यांगजन – श्र.दि. / अ.दि.) | 11 | वैज्ञानिक<br>पदों की संख्या: 03 | | | |

**प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर: अ. जा. : अनुसूचित जाति; अ. ज. जा.: अनुसूचित जनजाति; बेंचमार्क दिव्यांगजन – श्र.दि. / अ.दि. : बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति : श्रवण दिव्यांग/ अस्थि दिव्यांग**

**ऊपर बताई गई योग्यताओं के अलावा, कोई अन्य मान्यता प्राप्त योग्यता, जो निर्धारित योग्यता के समतुल्य है, उस योग्यता के सममूल्य पर मानी जाएगी।**

**सामान्य जानकारी एवं शर्तें:**

**1. परिषद सेवा के अंतर्गत लाभ:**

क. इन पदों के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य और सीएसआईआर के लिए लागू सामान्य भत्ते यानी महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) आदि देय हैं। परिषद के कर्मचारी भी सीएसआईआर आवास आबंटन नियमों के अनुसार उपलब्धता के आधार पर अपने हकदार प्रकार के आवास के लिए पात्र हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में मकान किराया भत्ता (एचआरए) स्वीकार्य नहीं होगा।

ख. प्रत्येक श्रेणी के पदों के सामने दर्शाई गई परिलब्धियों के अलावा, सीएसआईआर के नियमानुसार, नई पेंशन योजना, 2004 की प्रयोजनीयता, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम और गृह निर्माण अग्रिम जैसे लाभ उपलब्ध हैं।

ग. सीएसआईआर वैज्ञानिकों को मूल्यांकन पदोन्नति योजना के अंतर्गत कैरियर में उन्नति के अवसर प्रदान करता है।

घ. केंद्र सरकार की सेवा के लिए 01.01.2004 को या उसके बाद भर्ती किए सभी नए प्रवेशकर्ता सीएसआईआर द्वारा अपने कार्मिकों के लिए अपनाई गई परिभाषित अंशदान आधारित 'राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली' द्वारा शासित होंगे। हालांकि, अन्य सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/केंद्रीय विश्वविद्यालयों से चयनित व्यक्ति जो 01-01-2004 से पहले सेवा में आ गए हों और भारत सरकार के पैटर्न पर पेंशन योजना में हों वे नियमानुसार मौजूदा पेंशन योजना अर्थात सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972, नियमों से शासित होंगे।

**2. अन्य शर्तें:**

क. आवेदक भारत का नागरिक हो।

ख. आमतौर पर तैनाती सीएसआईआर-सीरी, पिलानी/जयपुर/चेन्नई में होती है। नौकरी के अंतर्गत देश के विभिन्न हिस्सों में किया जानेवाला व्यापक फील्ड वर्क भी शामिल है। नौकरी की उपर्युक्त आवश्यकता के अलावा, चयनित अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर किसी भी अनुभाग / प्रभाग में और भारत में किसी भी स्थान पर काम करने के लिए तैनात किया जा सकता है।

ग. सभी आवेदकों को आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक पद की अनिवार्य आवश्यकताओं और विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले खुद को संतुष्ट कर लें कि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक उनके पास विभिन्न पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं निश्चित रूप से है। पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाली किसी भी पूछताछ का जवाब नहीं दिया जाएगा।

**निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और इन्हें पूरा करने मात्र से ही उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते हैं। विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपने स्वयं के मानदंड अपनाएगी (जैसे पेशेवर दक्षता परीक्षा, अंतिम डिग्री में अंक का प्रतिशत, लिखित परीक्षा आदि)।** इसलिए, उम्मीदवार को आवेदन में न्यूनतम निर्धारित योग्यता के अलावा संबंधित क्षेत्र में सभी योग्यताओं और अनुभवों का उल्लेख करना चाहिए और उसके समर्थन में दस्तावेज संलग्न करने चाहिए। पीएचडी की डिग्री के पूरा होने की गणना अनंतिम प्रमाणपत्र/अधिसूचना जारी होने की तारीख से की जाएगी।

घ. उम्मीदवार को अपने सभी अनिवार्य अर्हताओं /अनुभव और अन्य विवरण के समर्थन में वैध दस्तावेज संलग्न करने चाहिए। विहित अर्हताएं मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों आदि से प्राप्त की गई होनी चाहिए। प्राप्त अधूरे आवेदनों या आवश्यक प्रमाणपत्र/दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं।

ड. अनिवार्य अर्हताओं के संबंध में, यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन की आवश्यकतानुसार किसी विशिष्ट अर्हता को समतुल्य अर्हता के रूप में पेश करता है, तो अभ्यर्थी को इस संबंध में आदेश / पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी जिसमें वह प्राधिकार (संख्या और तिथि सहित) वर्णित हो, जिसके अंतर्गत इसे समतुल्य माना गया हो, अन्यथा आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

च. साक्षात्कार के लिए के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करते समय वैध अनुभव की गणना के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक आधार पर, दैनिक वेतन आधार पर, विजिटिंग / अतिथि संकाय के रूप में प्राप्त कार्यानुभव की **गणना नहीं की जाएगी।**

छ. **यदि प्रस्तुत किया गया कोई दस्तावेज / प्रमाणपत्र हिन्दी या अंग्रेजी से इतर किसी अन्य भाषा में हो, तो राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा ऐसे दस्तावेजों / प्रमाणपत्रों के विधिवत सत्यापित प्रतिलेख प्रस्तुत किए जाएं।**

ज. ऊपरी आयु सीमा, अर्हता और/या अनुभव निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात् **06.11.2023 (सोमवार)** होगी।

झ. किसी विषय/कार्य क्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहाँ भी निर्धारित हो, की गणना उस पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक अर्हता प्राप्त करने की तिथि के बाद की जाएगी।

ञ. अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पास आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आवेदित पद से सम्बद्ध क्षेत्र में यथा अपेक्षित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता / अनुभव है।

ट. भारत सरकार के निर्देशानुसार निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने वाले बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ठ. सीएसआईआर-सीरी के पास बिना कोई कारण बताए सभी पदों या उनके कुछ हिस्से को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

ड. केवल बाहरी स्थानों से बुलाए गए और साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों को आने-जाने के लिए यात्रा करने के वास्तविक स्थान से या उनके निवास के सामान्य स्थान से, जो भी लोहारू / चिड़ावा रेलवे स्टेशन के नजदीक हो, रेल टिकट /रेल टिकट नंबर या यात्रा का कोई अन्य प्रमाण प्रस्तुत करने पर एकल द्वितीय श्रेणी रेल का किराये का की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
ढ. इस भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में, आवेदन में दी गई जानकारी और मूल दस्तावेजों की स्पष्ट जानकारी के बीच कोई भी विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवार साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अयोग्य हो जाएगा। ऐसे उम्मीदवार को कोई किराया देय नहीं होगा।

ण. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन के तरीके और परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर-सीरी, पिलानी / सीएसआईआर का निर्णय अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

त. किसी भी रूप में प्रचार करना और/या राजनीतिक या अन्यथा कोई प्रभाव डालना पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

थ. कोई अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. **आयु सीमा और छूट:**

क. सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को 05 वर्षों तक की छूट है बशर्ते कि संबंधित अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय विहित प्रारूप में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

ख. सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के लिए भी ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों तक की छूट उपलब्ध है।

ग. सीएसआईआर द्वारा अपनाए गए भारत सरकार के आदेशानुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट देय है।

घ. भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से पति से विच्छेद प्राप्त महिलाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा 35 वर्ष की आयु तक (उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष तक) छूट प्राप्त है। आयु में छूट केवल उन्हीं विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से पति से विच्छेद प्राप्त महिलाओं के लिए देय है, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है। इस उप-पैरा के तहत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को निम्नलिखित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी:

i) विधवा के मामले में, उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, साथ में शपथ पत्र कि उसने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है;

ii) तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से पति से विच्छेद प्राप्त महिलाओं के मामले में, तलाक या न्यायिक अलगाव के तथ्य को साबित करने के लिए उपयुक्त न्यायालय के फैसले/डिक्री की एक प्रमाणित प्रति, जैसा भी मामला हो, साथ ही तलाकशुदा महिलाओं के मामले में एक शपथ पत्र कि उन्होंने तब से दोबारा शादी नहीं की है।

ड. भारत सरकार के अनुदेशानुसार केंद्र सरकार के तहत सभी सिविल पदों / सेवाओं के लिए सीधी भर्ती के मामले में ऐसे दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त चिह्नित पदों के लिए बशर्ते कि कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी, ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्षों की छूट [नियमानुसार संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों के मामले में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 15 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों के लिए 13 वर्ष] (क) दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि, (ख) बधिर एवं कम सुनने वाला, (ग) प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, ठीक किया हुआ कुष्ठ, बौनापन, अम्ल हमले से पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास सहित चालन संबंधी दिव्यांगता, (घ) ऑटिज़्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम अक्षमता और मानसिक रूग्णता; (ड.) बधिर, दृष्टिहीन व्यक्तियों सहित खंड (क) से (घ) के बहु-दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी। **इस उप-पैरा के तहत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावों के समर्थन में निर्धारित प्रोफॉर्मा में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो कि शारीरिक विकलांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक है। किसी भी स्थिति में, इन उम्मीदवारों की नियुक्ति चयन द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने वाले प्रत्येक व्यक्तिगत समूह 'क' पदों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित चिकित्सीय स्वस्थता मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने के अधीन होगी ।**

च. यदि कोई दिव्यांगजन केंद्रीय सरकार / परिषद कार्मिक होने के कारण आयु में छूट का हकदार है, तो उसे छूट या तो 'दिव्यांगजन' के रूप में या 'केंद्र सरकार के कार्मिक' के रूप में, जो भी अधिक लाभदायक हो, देय होगी।

छ. आयु में कोई अन्य छूट भारत सरकार /सीएसआईआर भर्ती नियमों के अनुसार लागू होगी ।

ज. यदि पदों को भरने के लिए अपेक्षित योग्यता और/या अनुभव रखने वाले उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं होते हैं, तो आयु, शैक्षिक योग्यता और/या अनुभव की निर्धारित सीमा में छूट पर विचार किया जा सकता है।

**4. <u>चयन का तरीका :</u>**

केवल शैक्षणिक योग्यता और अनुभव पूरा करने से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता। विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपने स्वयं के मानदंड अपनाएगी। इसलिए, उम्मीदवार को आवेदन में न्यूनतम निर्धारित योग्यता के अलावा संबंधित क्षेत्र में सभी योग्यताओं और अनुभवों का उल्लेख करना चाहिए और उनके समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए।

यदि कोई उम्मीदवार विदेश में रह रहा है, तो उनके लिखित अनुरोध पर चयन समिति उनकी अनुपस्थिति में उनकी उम्मीदवारी पर विचार कर सकती है।

**उत्पाद विकास/प्रौद्योगिकी नवाचार/अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी/ट्रांसलेशनल रिसर्च आदि में शामिल उम्मीदवारों को समुचित महत्व दिया जाएगा।**

**5. <u>आवेदन कैसे करें:</u>**

क. योग्य उम्मीदवार सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं या सीरी की वेबसाइट **<u>https://www.ceeri.res.in/recruitments/</u>** पर उपलब्ध प्रारूप के अनुसार ए 4 आकार के कागज पर केवल एक तरफ साफ-सुथरा टाइप करके आवेदन कर सकते हैं।

**ऊपर दी गई अंतिम तिथि दूर-दराज के क्षेत्रों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए भी वही होगी।**

ख. सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए ग्रेड आदि देने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों के मामले में, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने विश्वविद्यालय/संस्थान के फॉर्मूले के आधार पर इसे प्रतिशत में परिवर्तित करें।

ग. **अभ्यर्थियों को अपने रिकॉर्ड के लिए आवेदन और भुगतान विवरण (यदि कोई हो) की एक प्रति अपने पास रखनी चाहिए।**

घ. प्रत्येक पद कोड के लिए प्रत्येक उम्मीदवार के केवल एक आवेदन पर विचार किया जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक ही पद कोड के लिए कई आवेदन जमा करता है, तो केवल नवीनतम पूर्ण आवेदन पर विचार किया जाएगा।

ड. सीएसआईआर / सरकारी विभागों/ स्वायत्त निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा जब ऑनलाइन आवेदन उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित किए गए हों और नियोक्ता द्वारा प्रमाणित किया गया हो कि चयन होने पर आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। साथ ही, सतर्कता मंजूरी भी दर्ज की जानी चाहिए। हालाँकि, आवेदन की एक अग्रिम प्रति अंतिम तिथि से पहले प्राप्त हो जानी चाहिए। उचित माध्यम से भेजे गए आवेदन यथाशीघ्र सीएसआईआर-सीरी में पहुंच जानी चाहिए। साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा। उचित माध्यम द्वारा भेजे गए आवेदन, हार्ड कॉपी में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि के 15 दिनों के भीतर निदेशक, सीएसआईआर- केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी, जिला - झुंझुनू -333031 (राजस्थान) तक पहुंच जाने चाहिए। इस पद के लिए केवल वैसे ही विभागीय अभ्यर्थी पात्र होंगें जिन्होंने 03 वर्षों की अनवरत सेवा पूर्ण कर ली है।

च. अभ्यर्थियों को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए कि किसी भी कारण से अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन (जैसे लिफाफे पर गलत पता लिखा होना, कहीं और डिलीवर किया जाए, डाक में देरी, प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न न होना आदि) को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। आवेदन प्राप्त होने के बाद अलग से प्राप्त होनेवाले किसी भी संलग्नक को उसके साथ नहीं जोड़ा जाएगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। गलत, असत्य और त्रुटिपूर्ण जानकारी देना अयोग्यता मानी जाएगी।

छ. **अपूर्ण आवेदन (अर्थात बिना फोटो, लागू शंसापत्र और अहस्ताक्षरित आदि) पर विचार नहीं किया जाएगा और इन्हें सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।**

6. **आवश्यक दस्तावेज़:**

**आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है:**

क. एसएससी/10वीं की मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
ख. इंटरमीडिएट/10+2 के प्रमाणपत्र और मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
ग. प्रासंगिक सर्टिफिकेट और मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
घ. भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र (जहां भी लागू हो) की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
ङ. अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
च. फॉर्म पर रंगीन फोटो चिपकाएं और पूरे हस्ताक्षर करें।
छ. जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और जाति/समुदाय/पीडब्ल्यूबीडी/विधवा/तलाकशुदा महिला/पति से न्यायिक रूप से विच्छेदप्राप्त महिला, यदि लागू हो, से संबंधित प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी।
ज. अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), जहां भी लागू हो

**आवेदन की केवल हार्ड कॉपी सभी दस्तावेजों के साथ भेजनी होगी**

**इस विज्ञापन के संबंध में कोई और जानकारी जैसे साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का विवरण, साक्षात्कार की तारीख, तारीख में बदलाव, चयन परिणाम, एक या सभी पदों को रद्द करना, विज्ञापन संबंधी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार आदि की सूचना सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट पर दी जाएगी। इसलिए, सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट वेबसाइट https://www.ceeri.res.in/recruitments/ पर नियमित रूप से नजर रखें।**

**एसडी/-**
**प्रशासन नियंत्रक**

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी, भारत
CSIR-CENTRAL ELECTRONICS ENGINEERING RESEARCH INSTITUTE, PILANI • INDIA •
स्थापित/ESTD - 1953
CSIR-CEERI